>

Title: Regarding damage to houses and crops in Jabalpur Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh due to heavy rain.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): धन्यवाद सभापति महोदय, आज जिस विषय को लेकर शून्यकाल में सुबह इस देश के विभिन्न भागों से आने वाले सांसदों ने चिन्ता व्यक्त की थी, मैं भी उसी विषय पर अपनी बात रखना चाहता हूं, जो प्राकृतिक आपदा से संबंधित है। मेरी चिन्ता मेरे अपने प्रदेश, मध्य प्रदेश को लेकर है। जहां भीषण बारिश के कारण पूरे प्रदेश में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले दिनों इतनी अधिक बारिश वहां पर हुई है कि बहुत बड़े क्षेत्र में किसान बोहनी भी नहीं कर पाये, उनके खेत पड़े रह गये। विशेष रूप से मैं अपने संसदीय क्षेत्र जबलपुर के बारे में बात उठाना चाहता हूं, जहां मात्र दो दिनों, 18 और 19 तारीख को 20 इंच से अधिक बारिश हो गयी और यह क्रम अभी तक जारी है। पिछले 40 वर्षों का रिकार्ड इस बारिश के कारण टूटा है। उस बारिश से एक ओर जहां शहरी क्षेत्र के घरों में पानी गया, घर-गृहस्थी के सामान का नुकसान हुआ, गरीबों के लिए कठिनाइयां खड़ी हुई, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी भीषण नुकसान हुआ है। मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहता हूं कि लगभग आठ हजार हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। एक अनुमान के मुताबिक जो प्रारंभिक आकलन है, 20 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान तो केवल फसलों का है। दो हजार से अधिक घर गिर चुके हैं। कई मवेशी पानी में बह गये हैं। इसके अलावा घर-गृहस्थी के सामान का नुकसान हुआ है। मध्य प्रदेश की सरकार ने अपने स्तर पर प्रारंभिक सर्वे और आकलन के निर्देश अधिकारियों को दे दिये हैं। राहत कैम्प लगाये गये हैं, वहां पर दो सौ से ज्यादा राहत कैम्प चल रहे हैं। मध्य प्रदेश की सरकार के स्तर से राहत का जो आकलन होगा, उसके बाद मुआवज़े की राशि भी देगी। लेकिन मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह है कि केन्द्र सरकार भी अपने दायित्व का निर्वहन करे। ऐसे समय पर जो केन्द्र सरकार समय-समय पर करती है, एकमुश्त मुआवज़े की राशि मध्य प्रदेश को, जिसमें मेरा संसदीय क्षेत्र जबलपुर भी है, तय करके राशि वहां पर दे। इस बारिश के कारण जिन गरीबों के कच्चे-पक्के मकान टूटे हैं, गिरने की स्थिति में आ गये हैं, बहुत से गिर चुके हैं, बहुत से गिरने वाले हैं, उनके लिए इंदिरा आवास से, जो अतिरिक्त रूप से पांच प्रतिशत इंदिरा आवास रखे जाते हैं, उनमें से एकमुश्त पर्याप्त संख्या में इंदिरा आवास मध्य प्रदेश को और मेरे संसदीय क्षेत्र को आवंटित करें ताकि गरीबों के सर पर हम छाया उपलब्ध करा सकें।

सभापति महोदय :

श्रीमती सुमित्रा महाजन और

श्री अशोक अर्गल अपने आप को श्री राकेश सिंह द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करते हैं।